# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

आष्टा ✹ भैरूंदा ✹ बुधनी ✹ बैरछा ✹ शुजालपुर ✹ सोनकच्छ ✹ कालापीपल ✹ हाटपीपल्या ✹ खातेगांव

भोपाल, 16 नवम्बर 2024


## न्यूज कार्नर

### जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**जागरण, सीहोर ।** जनजातीय अधिकारों के प्रहरी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुण्डा की 150 जयंती के अवसर पर बुधनी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल एवं सीहोर स्थित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में जनजातीय गौरव दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुण्डा के शौय और वीरता के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही छात्रों द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गई। कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार भगवान बिरसा मुण्डा विपरीत परिस्थितियों में रहने के बावजूद संघर्ष करके देश हित के लिए आगे आए एवं अंग्रेजों का डटकर सामना किया और स्वतंत्रता संग्राम में अपनी महती भूमिका अदा की।

### गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए, गत वर्ष से 150 रुपए अधिक

**जागरण, सीहोर ।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिये अब किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये विभाग द्वारा तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है। इसके अंतर्गत गेहूं उपार्जन के लिए बारदाना, भंडारण, परिवहन की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के गेहूं उपार्जन के लिए केन्द्रों पर मैकेनाइज्ड क्लीनिंग व्यवस्था की जाएगी। गेहूं की गुणवत्ता के परीक्षण के लिये सर्वेयर को सघन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पंचायत उप निर्वाचन के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**जागरण, सीहोर ।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायतों के रिक्त पदों के लिये उप-निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव के लिए नाम निर्देशन-पत्र 18 नवम्बर से 25 नवम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 26 नवम्बर को होगी तथा मतदान 9 दिसंबर, 2024 को होगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रवीण सिंह ने ग्राम पंचायतों एवं वार्डो के पंचायत उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध) 2024 के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये सीहोर जिले की निर्वाचन संबंधित ग्राम पंचायतों के सीमा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। लेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार निर्वाचन संबंधित पंचायतों एवं वार्डों में कुछ असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इंटरनेट तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म का दुरुपयोग कर साम्प्रदायिक, धार्मिक तथा जातिगत विद्वेष पहुँचाने तथा दुर्भावना पूर्ण पोस्ट करने की संभावना रहती है। ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि संबंधित ग्राम पंचायतों के अंतर्गत व्यक्तियों एवं असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इंटरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म का दुरुपयोग कर साम्प्रदायिक तथा जातिगत विद्वेष दुर्भावना पूर्ण संदेशों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। निर्वाचन संबंधित ग्राम पंचायतों में कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर एसएमएस, इंस्टाग्राम इत्यादि का दुरुपयोग कर धार्मिक, सामाजिक आदि ।

---

**मरीजों से दुर्व्यवहार हुआ आम, इलाज नहीं करते और नर्सों द्वारा दी जाती है लोगों को एफआईआर की धमकी**

# मनमानी का अस्पताल : अब डॉक्टर खुलकर ही लिखने लगे निजी मेडिकलों के नाम






**जागरण, सीहोर ।** अक्सर विवादों में रहने वाला सीहोर का शासकीय जिला अस्पताल एकबार फिर नए विवाद से जुड गया है इसबार मरीजों को अस्पताल से निशुल्क दवा देने की वजह मरीजों को चिन्हित निजी मेडिकलों से दवा लेने को मजबूर किया जा रहा है। कुछ डॉक्टर अब पर्चे पर ही मेडिकलों के नाम लिखकर मरीजों को दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सीहोर जिला अस्पताल अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी कई बार निरीक्षण कर चुके है, लेकिन यहां की अव्यस्था सुधार नही पा रहे है। ताजा जानकारी के सामने आई है कि यहां पदस्थ शासकीय चिकित्सक ने मरीज को अस्पताल में उपलब्ध दवा निशुल्क उपलब्ध कराने की वजाय निजी मेडिकल से दवा लेने को विवश कर दिया हैं। ज्ञात रहे कि जिला अस्पताल में अनेक मरीजों को समय पर उपचार नही मिलता है तब मरीज नाराजगी जाहिर करते है तो यहां का स्टाफ उन्हें एफआईआर की धमकी देता है।

देखा जा रहा है कि जब भी यहां फेक्चर से पीड़ित मरीज पहुंचता है तो मरीज को पहले तो फेक्चर उपचार का सामान बाहर से खरीद कर लाने को बोला जाता हैं। यदि मरीज मना करता है तो उसे शहर के एक निजी अस्पताल में शासकीय एंबुलेंस से भेज दिया जाता हैं। बताया गया है कि अस्पताल में कुछ खास मरीजों की ही जांच की जाती है अन्यथा एक्सरे, सोनोग्राफी, एमआरआई सहित खून की जांच के लिए भी मरीजों को अस्पताल के पास स्थित डॉक्टरों की लैब पर भेजा जा रहा हैं,लेकिन अस्पताल के सिविल सर्जन एवं जिले के सीएमएचओ कोई कार्रवाई नही करते।

### मातृशिशु अस्पताल में महिलाएं होती है परेशान

बताया गया है कि मातृशिशु अस्पताल में किसी भी प्रकार का अनुशासन नही बचा है, यहां प्रसूताओं से पैसों की मांग के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उपचार के लिए दवाईयां और सामान बाहर से मंगवाया जा रहा है। शासन की योजनुसार मिलने वाली राशि के मामले में भी अनावश्यक देरी की जाती है,यहां पदस्थ कुछ महिला चिकित्सक महिला मरीजों को निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए खुलकर सलाह देती है। ऐसे ही एक मामले की चर्चा जोरों पर है कि परसों रात को यहां आई एक प्रसूता को भर्ती करने से मना कर दिया तब 108 वाहन में ही डिलेवरी हो गई।

---

# दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु का शहर आगमन रविवार को

**सड़कों की मरम्मत के दिए गए निर्देश**




**जागरण, सीहोर।** दाऊदी बोहरा समाज के सबसे बड़े 53वें धर्मगुरु डॉ सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के शहर में आने की खबर से समाज में हर्ष की लहर है। यह पहला मौका होगा जब दाऊदी बोहरा समाज के सबसे बड़े 53वें धर्म गुरु आ रहे हैं। रविवार को सुबह शहर में उनकी आगवानी की जाएगी। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर बोहरा समाज के लोगों की मांग पर सड़कों पर डामरीकरण कराया है। वहीं बोहरा समाज के पदाधिकारियों के साथ बोहरा मस्जिद का निरीक्षण कर क्षेत्र की साफ-सफाई, सड़क मरम्मत सहित पेयजल आदि के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस संबंध में बोहरा समाज की ओर से समाजसेवी मुर्तुजा सैफी ने बताया कि आगामी दिनों में आष्टा के साथ सीहोर में भी धर्मगुरु का आगमन होगा। इसके लिए बड़ी संख्या में उनकी अगवानी की जाएगी। धर्मगुरु रविवार को शहर में आएेंगे और सुबह करीब दस बजे छावनी पहुंचेंगे और उसके पश्चात यहां पर समाजजनों को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वह अपने भ्रमण के दौरान कस्बा स्थित मस्जिद में जाऐंगे।

## शस्त्रों के प्रदर्शन पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**जागरण, सीहोर ।**राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायतों के रिक्त पदों के लिये उप-निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव के लिए नाम निर्देशन-पत्र 18 नवम्बर से 25 नवम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 26 नवम्बर को होगी तथा मतदान 9 दिसंबर को होगा। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने ग्राम पंचायतों एवं वार्डो के पंचायत उप निर्वाचन के चुनाव के दृष्टिगत रखते हुये सीहोर जिले की निर्वाचन संबंधित ग्राम पंचायतों के सीमा क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं मानव जीवन की सुरक्षा के लिए ग्राम पंचायतों एवं उनके वार्डों के सीमा क्षेत्र में आग्नेय अस्त्रों एवं घातक हथियारों के प्रदर्शन को प्रतिबंधित किया है।

---

# आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से जगमगाया गुरूद्वारा



**जागरण, सीहोर ।** शुक्रवार को नगर के गुरुद्वारा साहिब में गुरुनानक देव जी का जन्मोत्सव प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में जोरदार व आकर्षक रोशनी से सजाया गया था, शुकव्रार को सुबह प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली, इसके बाद गुरुद्वारा साहिब में गुरु का दरबार सजाया गया, जहां विशेष अरदास के साथ शबद कीर्तन का आयोजन किया गया, इस मौके पर लंगर का आयोजन भी हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

# रबी सीजन के लिए कोलार परियोजना की दोनों मुख्य नहरें खोली गई

**जागरण, सीहोर, भैरूंदा।** रबी सीजन के लिए कोलार सिंचाई परियोजना के अंतर्गत कोलार बांध की दाईं तथा बाईं मुख्य नहर आज सुबह खोल दी गई हैंद्य कोलार परियोजना की कार्यपालन यंत्री श्रीमती हर्षा जैनवाल बताया कि कोलार परियोजना से रेहटी तथा भेरूंदा की 40,000 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई होती है।

कोलार परियोजना की कार्यपालन यंत्री श्रीमती हर्षा जैनवाल ने कोलार परियोजना क्षेत्र के किसानों से सिंचाई नाली के माध्यम से होने वाले पानी के अपव्यय को रोकने अपील की है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि दिन रात लगातार पानी देकर पानी का सदुपयोग मितव्यतता से करे तथा रात्रिकालीन पानी देते समय सतत् निगरानी रखे जिससे पानी व्यर्थ न बहे। विभाग द्वारा सभी माइनर, सबमाइनर का सफाई कार्य किया जा रहा है इसमें जो सुझाव हो उन्हें अनुविभागीय अधिकारी तथा उपयंत्री के माध्यम से भेजें। वाटरकोर्स, सिंचाई नाली, फील्डचैनल को कृषक पानी आने के पूर्व स्वयं सफाई कर लें, एवं नहरी जल का वितरण कोलाबे से ही करे । उन्होंने किसानों से अपील की है कि नहर काटना, नहर प्रवाह में रोक लगाना (हेड अप लगाना) नीचे के कृषकों का पानी रोकना कानूनी अपराध है। ऐसा करने से नहर प्रणाली में बाधा पडती है। किसान ऐसा न करें। जहां भी नहरों को क्षति पहुंचाई जा रही हो उसकी सूचना तत्काल कोलार परियोजना के अधिकारियो को देने की अपील की।



### पंचायत उपचुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**जागरण, सीहोर ।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायतों के रिक्त पदों के लिये उप-निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव के लिए नाम निर्देशन-पत्र 18 नवम्बर से 25 नवम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 26 नवम्बर को होगी तथा मतदान 9 दिसंबर, 2024 को होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) प्रवीण सिंह ने पंचायत उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध) 2024 के लिए सीहोर जिले की आष्टा, इछावर, भैरूंदा, बुधनी एवं सीहोर जनपद पंचायतो में निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) नियुक्त किए गए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार तहसीलदार भरत नायक को सीहोर जनपद पंचायत के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त गया है। इसी प्रकार आष्टा जनपद पंचायत के लिए तहसीलदार पंकज पवैया, इछावर जनपद पंचायत के लिए तहसीलदार श्रीमति रितु भार्गव, जनपद पंचायत भैरूंदा के लिए तहसीलदार सौरभ शर्मा आदि ।

---

# कुबेरेश्वरधाम पर उत्साह के साथ मनाया गणेश जन्मोत्सव

**जीवन में आपके सामने आने वाली हर स्थिति किसी न किसी कर्म का परिणाम-पंडित राघव मिश्रा**

**जागरण, सीहोर।** कर्म का फल कब मिलता है कर्म का फल, हर पल हमे मिलते रहता है, क्यों की एक एक सांसों में हमारे साथ जो घटना घटित हो रही है, वह हमारे कर्मों का परिणाम ही है। कर्म के कारण ही हम सांस ले पा रहे हैं, तो किसी की सांस अभी अभी खत्म हो चुकी होती है। कर्म हमारी काया तो उसका फल हमारी परछाई है, दोनो सदा साथ साथ ही रहते हैं। जीवन में आपके सामने आने वाली हर स्थिति किसी न किसी कर्म का परिणाम है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में जारी सात दिवसीय शिव महापुराण के पांचवे दिवस कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि हम छल, कपट कर कितनी संपत्ति कर ले, लेकिन वो मेहनत की कमाई के आगे ठहर नहीं पाती है। इसलिए कभी किसी के साथ गलत व्यवहार नहीं करना चाहिए। शुक्रवार को शिव महापुराण के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने भगवान गणेश की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। इसके अलावा भगवान शंकर और माता पार्वती के द्वारा बड़ी संख्या में दीपदान का प्रसंग बताया। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में इन दिनों कुबेरेश्वरधाम पर श्री हरिहर मिलन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सुबह दस बजे से शिव महापुराण और दोपहर में भागवत कथा का आयोजन किया जाता है और उसके पश्चात रात्रि को बाबा की महा आरती की जाती है।



### पंचायत उप चुनाव शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**जागरण, सीहोर ।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायतों के रिक्त पदों के लिये उप-निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव के लिए नाम निर्देशन-पत्र 18 नवम्बर से 25 नवम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 26 नवम्बर को होगी तथा मतदान 9 दिसंबर, 2024 को होगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रवीण सिंह ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्वाचन संबंधित ग्राम पंचायतों एवं वार्डो के सीमा क्षेत्रों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। यह आदेश 14 नवंबर 2024 से निर्वाचन समाप्ती तक अर्थात् 16 दिसंबर 2024 तक लागू होगा।

# गुरूद्वारा में टेका मत्था, प्रकाश पर्व में शामिल हुए विधायक राय



**जागरण, सीहोर।** गुरूदा दरबार में पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने मत्था टेका और अटूट लंगर में पहुंचकर गुरूदा प्रसाद भी चखा। गंगा आश्रम स्थित गुरूद्वारा में गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व महोत्सव में सम्मिलित होकर विधायक सुदेश राय ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष गुरमीत सिंह दुआ, सचिव राजिन्दर सिंह लाम्बा एवं सिख समाजजनों के साथ खुशियां मनाई। सिख समाज के द्वारा शुक्रवार को प्रकाश पर्व को लेकर अखंड पाठ,प्रभात फैरी और अटूट लंगर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप सम्राट शामिल रहे।

---

# शहर के बीएसआई मैदान पर आज से आरंभ होगी अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता



**जागरण, सीहोर।** भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा क्षेत्र की प्रतिभाओं को मौका प्रदान करने के लिए शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे से अंडर-15 इंटर-डिस्ट्रीक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका पहला मैच सीहोर और रायसेन के मध्य खेला जाएगा। इसके अलावा रविवार को विदिशा-राजगढ़ के मध्य खेला जाएगा। इसके लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा ने प्रतियोगिता की सफलता के लिए समिति का गठन किया है। शनिवार से आरंभ हो रही अंडर-15 प्रतियोगिता में सीहोर, रायसेन, राजगढ़, विदिशा और भोपाल को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के लिए अध्यक्ष श्री राय ने सीहोर अंडर-15 टीम के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन किया था, चयनकर्ताओं में शहर के सीनियर खिलाड़ी अभिषेक परसाई, महेन्द्र शर्मा, नागेन्द्र व्यास आदि को शामिल किया था, मैदान का समतलीकरण किया गया है, इसके पश्चात आगामी दिनों में अनेक मैचों का आयोजन बीएसआई पर खेला जाएगा।

**डीसीए ब्लू ने जीत हासिल की :** शहर के आवासीय खेल मैदान पर दुबाने क्रिकेट अकादमी के द्वारा एक अभ्यास मैच का आयोजन किया गया जिसमें अकादमी के खिलाडियों ने डीसीए ब्लू और डीसीए रेड दो टीमों के मध्य मैच खेला गया डीसीए ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन पथरोड के 50 रन प्रिंस विश्वकर्मा 22 रन अजय 21 रन भविष्य 14 रन की बदौलत 33 ओवर में 174 रन का लक्ष्य डीसीए रेड को दिया डीसीए रेड की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रिंस वर्मा 9 ओवर में 4 विकेट अक्षय, प्रतीक परमार दो-दो विकेट मानसी, श्रेष्ठ एवं अथर्व एक-एक विकेट प्राप्त किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसीए रेड की टीम 30 ओवर में 115 रन पर सिमट गई डीसीए रेड की ओर से अक्षय 24 रन कुणाल 15 रन प्रिंस वर्मा 13 रन बनाए डीसीए ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए पलाश परमार 6 ओवर में चार विकेट गर्व 5 ओवर में दो विकेट अजय आर्यन एवं पूजा एक-एक विकेट प्राप्त किया।

# दूधिया रोशनी से जगमगाया शहर का मरीह माता मंदिर



### नगर पालिका के द्वारा हाई मास्क और टीन शेड और सीसी रोड निर्माण किया जाएगा

**जागरण, सीहोर।** शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर आगामी दिनों में अब हाईमास्क की रोशनी से सराबोर नजर आएगा। इसके अलावा यहां पर नगर पालिका के द्वारा हाई मास्क और टीन शेड और सीसी रोड निर्माण आदि किया जाएगा। इसको लेकर नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने यहां पर उपस्थित मंदिर के व्यस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाडा सहित अन्य श्रद्धालुओं के अनुरोध पर निर्णय लिया है और स्थानीय पार्षद एवं नगर पालिका के उपाध्यक्ष विपिन शास्ता से चर्चा कर मंदिर परिसर में होने वाले निर्माण कार्य की रूपरेखा तैयार करने की बात कही है।

इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा के अलावा श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर परिसर में सुबह पूर्ण विधि विधान से माता देवी की आरती पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात सुबह ग्यारह बजे यहां पर कथा का आयोजन के पश्चात कन्या भोजन के बाद दोपहर में अन्नकूट की प्रसादी का वितरण किया गया। कार्तिक पूर्णिमा को महत्व जितना शैव मत में है उतना ही वैष्णवों में भी है। इस मौके पर रात्रि को मंदिर परिसर में 51 से अधिक दीप प्रज्जवलित किए गए।

पूर्णिमा को देव दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन जो व्यक्ति किसी पवित्र नदी में स्नान और दान पुण्य करता है तो उसे इस पूरे महीने की गई पूजा पाठ के बराबर फल मिलता है। धार्मिक मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन व्रत और पूजन करके बछड़ा दान करने से शिवतत्व और शिवलोक की प्राप्ति होती है। कार्तिक पूर्णिमा को महत्व जितना शैव मत में है उतना ही वैष्णवों में भी है।

# मतदान प्रतिशत किसे पहुंचाएगा फायदा दोनों ही दल के नेता कर रहे दावेदारी

## मतदान के बाद मतदाता बेफिक्र 23 को होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** बुधवार 13 नवम्बर को मप्र विधानसभा में बुदनी का प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया हैं। बुदनी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव व कांग्रेस के राजकुमार पटेल सहित अन्य 20 प्रत्याशियों का भाग्य ईव्हीएम मशीन में बंद हो चुका हैं। बुदनी विधानसभा क्षेत्र में 77.07 फीसदी मतदान हुआ है। ऐसे में बुदनी विधानसभा से भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी-अपनी जीत का दावा करते हुए देखे जा रहे हैं। वर्ष 2023 के मुकाबले 2024 के उप चुनाव में लगभग 8 फीसदी मतदान कम दर्ज किया गया हैं। इस कम मतदान को लेकर भाजपाइयों का कहना है कि किसानों के खेतों में होने के कारण कुछ पोलिंग बूथ पर मतदान का प्रतिशत घटा है। वहीं कांग्रेस ने कहा कि कार्यकर्ताओं की जागरूकता के चलतें निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया हुई है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता इस बात का भी आरोप लगा रहे हैं कि शाहगंज क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों के परिवारजनों ने माहौल को खराब करने का पूरा प्रयास किया ओर कुछ मतदान केंद्र पर उन्होंने फर्जी मतदान कर लोकतंत्र का गला घोटने जैसा काम किया है। हर बार भाजपा के कार्यकर्ता पोलिंग बूथों पर कब्जा कर मतदान प्रतिशत बढ़ाते थे, लेकिन इस बार मतदान का प्रतिशत कम है। किसानों के विरोध से यह उम्मीद लगाई जा रही थी कि मतदान का प्रतिशत कम होगा,लेकिन बुधनी विधानसभा में उम्मीद की अपेक्षा अधिक मतदान के बाद मतदाता का रूख किस करवट बैठेगा यह तो 23 नवम्बर को ही पता लग सकेगा। मतदान के बाद मतदाता जहां अपने - अपने कामों में व्यस्त हो चुका हैं तो वहीं कार्यकर्ता भी पोलिंग बूथों के आंकड़ो से कई तरह के कयास लगाने में व्यस्त दिखाई दिये। किसान खेतों में, व्यापारी व्यापार में, मजदूर अपने कामों में और सरकारी कर्मचारी अपनी दैनिक दिनचर्या के कामों में व्यस्त हो चुके है। मतदान के बाद क्षेत्र में जहां राजनीतिक हलचल पर विराम लग चुका है। वहीं अब मतदाता को इस बात से कोई सरोकार नहीं हैं कि बुधनी का अगला विधायक कौन होगा। लेकिन नेताओं को इस बात की चिंता हैं कि उनकी पार्टी का विधायक होगा या नहीं।

**भाजपाई व कांग्रेंसियों के दावे हम जीतेंगे रिकार्ड मतों से**

मतदान संपन्न होने के बाद भाजपा एवं कांग्रेस में जीत के साथ ही रिकॉर्ड के दावे शुरू हो चुके हैं। भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ताओं का मानना है कि एक बार फिर बुदनी विधानसभा में फिर भाजपा जीत का इतिहास बनाएगी। तो दूसरी और कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि विधानसभा क्षेत्र में इस बार परिवर्तन की लहर देखने को मिली है।

इसलिए मध्य प्रदेश में भाजपा सत्ता पर काबिज होने के बावजूद भी बुधनी विधानसभा में अलग ही रिकॉर्ड कायम होगा। लेकिन दोनों ही दलों के कई नेता ऐसे है जिनके चेहरे पर शिकन बनी हुई है। जो इस बात को स्पष्ट कर रहे है कि कही न कही मुकाबला कांटे का है। ऐसे में बुधनी में विधायक की कुर्सी पर कौन काबिज होगा यह कहना अभी संभव नहीं है। लेकिन अपनी-अपनी रणनीति का गुणा भाग लगाने में दोनों ही दल के नेता पीछे नही है।

**नेताओं की बड़ी धड़कने कार्यकर्ताओं से लेते रहे जानकारी**

शुक्रवार को दोनों ही दलों के नेता पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं से चर्चा कर जानकारी लेते रहे। मतदान के बाद सभी 20 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम मशीन में कैद हो चुका है। लेकिन पोलिंग बूथ पर अपनी जीत के रिकॉर्ड को कायम रखने के लिए नेताओं के द्वारा कार्यकर्ताओं से एक-एक बिंदुओं पर चर्चा की जा रही है। क्षेत्र में मुकाबला कांटे का रहा या एक तरफ बयार बह रही है। यह कहना अभी मुश्किल है। दूसरी ओर दोनों ही दलों के कई दिग्गज कांग्रेस भाजपा नेता भी अपने-अपने पोलिंग बूथ पर स्थित का आकलन करते हुए देखे गए।

# राधा कृष्ण मंदिर में हुआ विशाल भंडारा लगाया गया 56 भोग



**जागरण बुधनी ।** ब्रह्मलीन संत श्री श्री 1008 संत केशव दास जी महाराज फलाहारी बाबा की सद प्रेरणा से प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल भंडारे अन्नकूट का आयोजन गुरुवार 14 नवंबर को नगर के राधा कृष्ण मंदिर बुधनी में बैकुंठ चतुर्दशी पर किया गया के मंदिर में राधा कृष्ण मंदिर में 56 प्रकार के मिष्ठानों का प्रसाद के पकवानों का भोग अन्नकूट लगाया गया व विशाल भंडारा का आयोजन किया गया भंडारों में साधु-संतों सहित बुधनी नगर व आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भोजन प्रसादी ग्रहण किया भंडारा देर शाम तक चला जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे भोजन प्रसादी ग्रहण किया आयोजक महंत अयोध्या दास जी खंड दर्शन साधुसेवा मंडल श्री राधा कृष्ण मंदिर बुधनी सहित आसपास के ब दूरदराज आए से साधु संत उपस्थित थेद्य भंडारा दोपहर से लेकर देर शाम तक चलता रहा जिसेमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया ।

# विवाह के लिए मैरिज गार्डन फुल, नवम्बर व दिसम्बर माह में शादियों के 17 मुहूर्त

## हलवाई,बैंड बाजा, शहनाईयों के अतिरिक्त खरीद-फरोख्त का सिलसिला शुरु

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** दीपावली का 5 दिवसीय त्यौहार संपन्न होने के साथ ही 12 नवम्बर को एकादशी छोटी दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास से नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में मनाया गया और इसी दिन से पिछले चार माह से मांगलिक कार्यो पर लगा हुआ विराम भी हट गया। 12 नवम्बर से ही तुलसी विवाह के साथ शादी विवाह का सिलसिला शुरू हो चुका है जो कि 15 दिसम्बर तक चलेंगा। नवम्बर व दिसम्बर माह में कुल 17 मुहुर्त है और इन मुहुर्तो के दौरान क्षेत्र में 100 से अधिक शादियां होने की संभावना है। बड़ी मात्रा में शादियां होने के चलते नगर के अतिरिक्त ग्रामीण अंचलों के मैरिज गार्डन, हाल, धर्मशालाएं सभी बुक हो चुकी है। अब कई लोगों को मन पसंद तारीख में मैरिज गार्डन नही मिल पा रहे। कई लोगों के द्वारा शादी की रस्मों को छोटे रूप में करने के बाद रिशेवसन देने की तैयारियां भी कर रहे है। कई मैरिज गार्डनों में 6 माह पूर्व ही बुकिंग की जा चुकी है और कई लोग अभी भी





शादियों की बुकिंग के लिए मैरिज गार्डन संचालकों के चक्कर लगा रहे है। इसी के साथ हलवाई, बैंड बाजा, शहनाईयों के अतिरिक्त अन्य व्यवस्थाओं में भी परिजन जुटे हुए है। वहीं दीपोत्सव के मौके पर सराफा, आटो मोबाईल व इलेक्ट्रानिक क्षेत्र में व्यापार अच्छा होने के बाद अब वैवाहिक सीजन में भी अच्छा व्यापार चलने की उम्मीद व्यापारी लगाए बैठे है। इसके अतिरिक्त कपड़ा बाजार में भी व्यापारियों के द्वारा अच्छे व्यापार को लेकर संभावना जताई जा रही है। इन व्यापारियों को वैवाहिक सीजन से उम्मीदें है। पिछले दो वर्षो में खरीफ फसल का उत्पादन नहीं होने के कारण दीपावली पर्व पर उम्मीद के अनुसार व्यापार नहीं चल सका। लेकिन इस वर्ष दीपावली पर बाजार में अच्छी ग्राहकी देखी गई। वैवाहिक सीजन शुरु होने से कारोबारियों को अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है।

**15 दिसम्बर तक रहेंगे विवाह के मुहुर्त** देवउठनी एकादशी से वैवाहिक सीजन शुरू हो चुका है। हालांकि पहला सावा 15 नवम्बर से शुरू होगा और यह 15 दिसम्बर तक जारी रहेगा। इन दोनों माह में विवाह के कुल 17 मुहुर्त है। इन मुहुर्त में शहर के साथ ही ग्रामीण अंचलों के 100 से भी अधिक जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। वहीं ब्राह्मणों का मानना है कि इन 2 माह में 17 मुहुर्त होने से शादियां की बुकिंग तो पूरी हो चुकी है और लोगों के द्वारा अन्य तैयारियां की जा रही है। प्रमुख वैवाहिक तिथियों में नवम्बर माह में 15, 16, 17, 18, 22, 25, 26, 27, 28, दिसंबर माह में 2,3, 4, 6, 7, 10,11, 14 दिसंबर प्रमुख है।

# चटपटे व्यंजनों के साथ छात्राओं ने लगाये विभिन्न प्रकार के स्टॉल



**जागरण बुधनी ।** बड़े उत्साह के साथ शासकीय कन्या उमा विद्यालय बुधनी में पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गयाऔर छात्राओं ने बढ़ चढ़कर बाल मेला का आयोजन किया जिसमें विभिन्न प्रकार के स्तर लगाए गए कार्यक्रम का शुभारंभ पत्रकार प्रकाश राय विकास खंड शिक्षा अधिकारी जी पी मीना द्वारा रिबन काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया गया बाल मेले में फुल्की चाट न्यूडल समोसे कचोरी इडली खमंड भेलपुरी आदि स्वादिष्ट चटपटे व मीठे व्यंजन व खेल गतिविधियां सहित विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए जिनमें बच्चों व शिक्षक शिक्षिकाओं ने भरपूर लुफ्त उठाया कार्यक्रम में शिक्षक व शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहे।

# सेंट पाल्स स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**जागरण बुधनी ।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष में मनाए जाने वाला बाल दिवस स्थानीय सेंट पॉल्स हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया बच्चों ने बाल मेले में तरह-तरह के व्यंजन लगाकर बाल मेला मैं लुफ्त उठाया विभिन्न प्रकार के चटपटे व्यंजनों का बाल मेला लगाया गया और प्रतियोगिता आयोजित की गई कार्यक्रम का शुभारंभ पत्रकार प्रकाश राय द्वारा रिबन काटकर किया गया एवं बच्चों को बाल दिवस के महत्व के बारे में बतलाया बाल मेला में बच्चों ने जहां विभिन्न प्रकार के चटपटे व्यंजनों के स्टाल के साथ मिठाइयों का स्टाल भी लगाया चाट फुलकी पकोड़े गुलाब जामुन चाऊमीन आदि स्टाल लगाकर बाल मेले में व्यापार करना सीखा इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य इफ्तेखार खान सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों ने भी बाल दिवस के महत्व के बारे में बच्चों को बताया और मेले का भरपूर आनंद लिया बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर चटपटे व्यंजनों के साथ विज्ञान के मॉडल गेम्स आदि के स्तर लगे और प्रतियोगिता में शामिल हुए और पुरस्कार प्राप्त किया बच्चों ने बाल मेला का भरपूर आनंद उठाया ।

# डीडी कान्वेंट के 16 खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता मे लिया भाग

**जागरण बुधनी।** लोक शिक्षण संचनालय एसजीएफआई द्वारा सॉफ्टबॉल संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जो की भोपाल के टी आई टी कॉलेज मे 13-14 नवंबर को आयोजित हुई इस प्रतियोगिता के लिए डीडी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बुध नी के 16 खिलाड़ियों का चयन हुआ विकासखंड और जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने के बाद खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ ।कोच विकास सिंह राजपूत के नेतृत्व में सभी खिला?ियों ने प्रतियोगिता मे भाग। सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए अंडर 14 बालक वर्ग में मनीष, अक्षत नागर,वेदांश दिक्षित, अंकित सोनी, तन्मय सिंह, लक्ष्य उईके,ऋषि पटेल, यश कुमार अंडर 14 बालिका वर्ग में इशिका साहू, प्राची झारखंडे। अंडर 17 बालक वर्ग में सौरभ राज, कृष्ण यादव, गौतम केवट, शिवांश उदयपुरिया, सक्षम चंद्रवंशी,अभिषेक बरोनिया,शौर्य प्रजापति, प्रिंस ओझा, देवांश रैकवार,अनुराग मीना, अंश यादव,नमन कुमार अंडर 17 बालिका वर्ग में डिंपल मालवीय, शिवानी पटेल, आस्था चौबे, आदिति जैन, खुशी वासनिक, दीपांशी प्रजापति का चयन हुआ। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्था के संचालक जे के त्रिपाठी, अर्जुन विश्वकर्मा, सीहोर सॉफ्ट बेसबॉल एसोसिएशन के सचिव सी वी त्रिपाठी, अध्यक्ष तमजीर खान, संस्था से ज्ञान्दा सिंह, रंजना सिंह, आकाश मसीह आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी ।

# भगवान विष्णु और भोलेनाथ का हुआ हरिहर मिलन



बैकुंठ चौदस पर वर्ष में एक बार भगवान विष्णु को बिल पत्र एवं भोले को चढ़ाई जाती है मंजरी

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** कार्तिक मास के दौरान पड़ने वाली बैकुंठ चौदस पर रात को मंदिरों सहित घरों घर भगवान शिव एवं भगवान विष्णु की पूजा अर्चना के साथ हरि हर मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। वर्ष में एक बार भगवान विष्णु एवं भगवान शंकर को चढ़ाई जाने वाली मंजरी एवं बिल पत्र का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। इस दौरान भगवान श्रीगणेश, भगवान विष्णु, भगवान शंकर एवं सालिगराम महाराज की पूजा-अर्चना की गई। ज्ञातव्य है कि बैकुंठ चौदस के मौके पर हरिहर मिलन का आयोजन होता है जिसमें वर्ष में एक बार भगवान विष्णु को बिल पत्र एवं भगवान शंकर को मंजरी चढ़ाई जाती है। इसके बाद पूरे वर्ष भर मंजरी व बिल पत्र दोनों देवताओं को एक साथ नही चढ़ाई जाती है। इस लिए इस दिन को हरिहर मिलन के रूप में माना गया है। हरिहर मिलन का यह स्वरूप नगर में देर रात्रि तक देखने को मिला। शिव मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर चला तो कई घरों में भी हरिहर मिलन के आयोजन संपन्न हुए। क्षेत्र के प्रसिद्ध पंडित राजेश पौराणिक ने बताया कि हरिहर मिलन का महत्व कार्तिक मास नहाने एवं व्रत करने वाली महिलाओं के द्वारा विशेष रूप से माना जाता है। व्रत और उपवास के साथ ही यह एक मात्र ऐसा दिन होता है जिसमें एक दूसरे देवताओं का एक साथ मिलन होता है।

इस दिन भगवान विष्णु और शंकर के मिलन के रूप में भी इस दिन को मनाया जाता है। वैसे तो मान्यताएं कई है लेकिन हरिहर मिलन के स्वरूप को देखा जाए तो यह फलदायी होता है। अर्द्धरात्रि तक इसके आयोजन संपन्न होते है और रात्रि के समय बिल पत्र मंजरी चढ़ाकर भगवान भोले एवं विष्णु को पूजा जाता है। गुरूवार रात्रि में जहां भगवान श्रीगणेश का अभिषेक संपन्न हुआ वहीं सालिगराम महाराज की भी पूजा-अर्चना की गई। भगवान विष्णु का अभिषेक होने के साथ ही भगवान भोले का रूद्र अभिषेक किया गया। इसके बाद हरिहर मिलन का सिलसिला प्रारंभ हुआ ओम नमः शिवाय के जाप से श्रद्धालुओं ने बिल पत्र एवं मंजरी दोनों ही देवताओं को चढ़ाकर हरिहर मिलन के दर्शन किए और पुण्य लाभ कमाया।

# बिना रायल्टी रेत का परिवहन करने पर तीन ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी, खनिज विभाग ने की कार्रवाई




**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** क्षेत्र के नर्मदा तटीय रेत घाट सातदेव से ट्रैक्टर-ट्रालियों से रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर खनिज विभाग द्वारा 3 ट्रैक्टर व 7 ट्रालियों को पकड़ा गया। जांच में सभी वाहनों में बिना रायल्टी के रेत का परिवहन किया जा रहा था। शुक्रवार को खनिज विभाग की टीम को ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई कि सातदेव नर्मदा तट से कुछ लोग लगातार रेत का अवैध तरीके से दोहन कर रहे हैं। प्रतिदिन गांव से ट्रैक्टर-ट्रालियों के निकलने से दुर्घटना का भय बना हुआ हैं। मना करने पर भी यह रेत माफिया नहीं सुनते। ग्रामीणों की शिकायत के बाद खनिज विभाग की टीम ने नाकाबंदी करते हुए हालियाखेड़ी मुख्य मार्ग से गुजर रहे 3 ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। वहीं 3 ट्रैक्टर चालक रेत से भरी ट्रालियों को छोड़कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गये। इस प्रकार विभाग द्वारा 3 ट्रैक्टर व 7 ट्रालियों को पुलिस थाना भैरूंदा की अभिरक्षा में खड़ा किया गया।

**नीलकंठ घाट से बंद हुआ अवैध उत्खन्न** नर्मदा तट नीलकंठ घाट से भी लंबे समय स्थानीय रेत कारोबारी रेत का अवैध दोहन कर शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे थे। इसका बड़ा खामियाजा उन श्रृद्धालुओं को भुगतना पड़ रहा था, जो नर्मदा तट पर स्नान करने पहुंचते थे। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना प्रशासन को देने के बाद प्रशासनिक टीम द्वारा नीलकंठ तट पर पहुंचने वाले मार्ग को जेसीबी से गड्डा खोदकर बंद कर दिया। इसके बाद से ही यहां अवैध उत्खन्न बंद हो चुका हैं, जिससे श्रृद्धालुओं अब यहां आसानी से स्नान करते चले आ रहे हैं।

# छात्रों के बनाए गए मॉडल का दिल्ली में हुआ प्रदर्शन

**जागरण, टिमरनी।** सरस्वती विद्या मंदिर में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा प्रदत्त अटल टिंकरिंग लैब के छात्रों द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट का आईआईटी दिल्ली में प्रदर्शन हुआ। विद्या भारती और उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष आयोजित तीन दिवसीय टेकेथान आईआईटी दिल्ली में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विद्या भारती के संपूर्ण भारत में चलने वाले लगभग 507 अटल टिंकरिंग लैब के छात्रों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये छात्रों को जुलाई, अगस्त और सितंबर माह में अलग-अलग विषयों पर प्रोजेक्ट तैयार करके उसका 2 मिनिट का वीडियो बनाकर सबमिट करना था। इस तरह हर माह से टॉप 30 और सिंतबर माह से टॉप 40 को मिलाकर टॉप 100 टीमों को चुना गया था। नगर के अटल लैब से तीन टीमो का चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ था, जिसमे छात्र सिद्धेश गोडबोले ने वेस्ट वाटर मैनेजमेंट पर, छात्र हर्षित गौर ने कस्टमाइज्ड फैशन वियरेबल और छात्र सोहम बैरागी ने सोलर पावर व्हीकल थीम पर अपने प्रोजेक्ट तैयार किये थे। छात्रों के द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट का अवलोकन डॉ अभय जेरे मुख्य नवाचार अधिकारी भारत सरकार एवं अटल इनोवेशन मिशन नीति आयोग की टीम के सदस्यों के द्वारा भी किया गया।

# बाल मेले विद्यार्थियों ने लगाए स्टॉल विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**जागरण बुधनी ।** बुधनी के शांति निकेतन मोंटसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुधनी में 14 नवंबर को बाल दिवस का आयोजन किया गया एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रकार के विज्ञान के विषयों से आधारित मॉडल बनाकर प्रदर्शनी में लगाए कार्यक्रम का शुभारंभ बुधनी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता अर्जुन मालवीय द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के संस्थापक डॉक्टर के एम जॉर्ज एवं स्कूल की प्राचार्य श्रीमती गुरु प्रीत जैन द्वारा अपने मार्गदर्शन में कराया गया बाल मेला में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के खाने के स्टाल लगाए जिसका विद्यार्थियों उनके अनुभवों एवं स्कूल स्टाफ द्वारा स्लॉट में खाने का भरपूर आनंद उठाया गया साथ ही विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर बनाए गए मॉडलों की भी सराहना की गई बाल मेला में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और घर से बने स्वादिष्ट चटपटे व स्वीट्स आदि व्यंजनों का स्टाल लगाकर एकता के साथ भरपूर आनंद उठाया और बाल दिवस के मेले को जाना वही विज्ञान के मॉडल गेम आदि के स्टाल भी लगाए गए और उत्साह के साथ बाल दिवस बाल मेले को मनाया गया ।

# राय साहब यूरो किड्स के छात्रों ने मनाया बाल दिवस



**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** गुरूवार को बाल दिवस के मौके पर शिक्षण संस्थान राय साहब यूरो किड्स स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों ने बड़े धूमधाम से बाल दिवस को मनाया। साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षक शिक्षिकाओं की देखरेख में विभिन्न प्रकार के खेल खिलाए गए। इस दौरान विद्यार्थियों के चेहरों पर एक विशेष प्रकार की मुस्कान देखी गई। कार्यक्रम में मौजूद संस्था के संस्थापक राय साहब कुंवर इंद्रजीत सिंह ने कार्यक्रम के समापन के बाद छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल की महिमा अनुपम है, खेल हमें एक तरफ स्वस्थ रहना सीखता है, तो दूसरी तरफ एकता और अनुशासन का भाव हमारे जहन में जागृत करता है। एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए विभिन्न प्रकार के खेल समय समय पर आयोजित होते रहना चाहिए।

# बचपन की यादों को ताजा करने का माध्यम है बाल दिवस




**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** राय साहब भंवर सिंह शिक्षण संस्थान में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पारंपरिक तरीके से इस दिन को त्यौहार के रूप में मनाया गया। बच्चों ने मेले के आयोजन कर पारंपरिक स्टाल लगाए जिस पर संस्था के संचालक सहित परिवार जनों के द्वारा पहुंचकर स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संस्था के संचालक नरेंद्र सिंह भाटी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाल दिवस हमें अपने उस बचपन में ले जाता है जब हमारे लबों पर सिर्फ मुस्कान होती है। दुनियादारी की समझ भले न हो लेकिन अपनी एक अलग दुनिया होती है। बचपन की यादों को ताजा करने का एक माध्यम बाल दिवस पर लगने वाले यह मेले हैं। विद्यालय प्राचार्य एमजी शिब्बू पिल्लई ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बचपन वापस कभी नहीं आता। इस लिए हमें बचपन के हर पल को खुल कर जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे सच्चा समय, सबसे अच्छा दिन , सबसे हसीन पल सिर्फ बचपन मे ही मिलता है। संस्था के द्वारा आयोजित कराए गए इस बाल मेले का शुभारंभ प्रार्थना सभा के साथ हुआ। जिसमें शिक्षकों ने कविता एवं गीत सुनाकर बच्चों का मनोरंजन किया गया। बच्चों में बाल मेले को लेकर बहुत अधिक उत्साह दिखाई दिया बच्चों ने कोल्डड्रिंक , आइसक्रीम ,भेल ,केक, सैंडविच, पानी पूरी, पेस्ट्री आदि सामान की दुकाने लगाई। इस दौरान अपने दोस्तों के साथ मिलकर नई यादों को बनाने का प्रयास बच्चों के द्वारा किया गया। संस्था के संचालक ने बताया कि बाल मेला लगवाने का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ उन्हें व्यापार की सीख देना भी है।

सिंचित जमीन बेचना है
छीपानेर पुल से 2 किलोमीटर दूर नेमावर रोड़ परिक्रमा पथ से लगी हुई 11 एकड़ सिंचित जमीन बेचना है।
संपर्क करे।
मो. 8085222695
12 to 18 Nov

## गुरूद्वारा पहुचकर अनेकों ने टेका मत्था, शोभायात्रा का हुआ अनेक स्थानों पर स्वागत

# गुरूनानक जयंती पर निकली शोभायात्रा





**जागरण, आष्टा।** गुरूनानकदेवजी की जयंती प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारे को विशेष तोर पर सजाया गया। बडी संख्या में लोग गुरूद्वारे पहुंचे और मत्था टेका। नगर के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। जिसका अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया।

गुरूनानक देव की जंयती नगर में उत्साह के साथ मनाई गई। विगत एक पखवाड़े से नगर में प्रभातफेरी भी निकाली जारही थी। गुरूद्वारा से शोभायात्रा प्रारंभ हुई जों नगर के प्रमुख मार्गो से होंती हुई पुनः गुरूद्वारा पहुची, जहा पर अनेक धर्मिक आयोजन संपन्न हुए। शोभायात्रा में सिंधी पंचायत समिति के अध्यक्ष सुशील भोजवानी, युवा संगठन अध्यक्ष दीपक रोगानी, मनोहर भोजवानी, बासु रोघानी, चंदर भोजवानी, चंदर चंदनानी, लाली मोटवानी, दीपेश बत्रा, राजा लालवानी, मंजीत सरदार, नरेश लखानी, दिलीप भोजवानी, हीरा मोटवानी, श्रीमती राधा भोजवानी, डॉ. नेहा अरोरा, मयंक भोजवानी, लालबहादुर मोटवानी, मनोज दादलानी, किशन भोजवानी, सतीश बत्रा, हीरा चंदानी, संजना भोजवानी सहित सिंधी पंचायत के अनेक लोग मौजूद थे। शोभायात्रा के स्वागत के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि पंथ के संस्थापक गुरुनानक देव की जयंती की आप सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं। गुरूनानकदेव सिखों के प्रथम गुरु एवं सिख धर्म के संस्थापक थे, वे एक महापुरुष एवं महान धर्म प्रर्वतक थे, जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात् करने हेतु लोगों को प्रेरित किया। गुरु नानक देव की बचपन से ईश्वर में श्रद्धा थी, उनका मन भक्ति में ही लगा रहता था उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा जिला सह कार्यालय मंत्री उमेश शर्मा, भूरू खां, पुखराज मेहता, पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, विशाल चौरसिया, पंकज नाकोड़ा, पंकज राठी, सुमित मेहता, बसंत पाठक, पवन वर्मा, बाबू देव्वाल, सुशील पांचाल, राकेश प्रजापति, मानसिंह इलाही, दीपक रोगानी आदि मौजूद थें।


# मौला आपका आष्टा में स्वागत है...

**जागरण, आष्टा ( सुधीर पाठक )।** आपके कद और पद को देखते हुए आपका नाम लेना और लिखना दोनो ही हम जैसे सामान्य कद वालों के बस की बात नहीं, लेकिन यह आपका बड़प्पन हैं कि आपने अपनी गुरूता को छुपाकर हमकों अपने शहर की सरजमी पर आपका इस्तकबाल करने का अवसर दिया हैं। ताउस हम आपके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इस शहर के बाशिंदों को वर्षो पहले मौला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होते-होते रह गया था, वह टीस तब से मन में थी कि काश मौला हमारे शहर में आ जाते, लेकिन हम आपके शुक्रगुजार हैं। आपने उस कमी को जो हम अपने अंदर वर्षो से महसूस कर रहे थें, उस खालीपन को भरा हैं। आपकी उपस्थिति हम सबके लिए उत्साह और ऊर्जा प्रदान करने वाली हैं। हम सभी आपके, नगर आगमन पर फक्र से कह सकते हैं ताउस हमारे शहर में पधारे। हम गर्व से कह सकते हैं कि हमने आपकों देखा हैं, आपकों सुना हैं। समूचा शहर और शहर के लोग पलक पावड़े बिछाकर आपका स्वागत करने को आतुर हैं। ताउस आपका इस्तकबाल हैं, आपका स्वागत हैं। इस शहर में आकर आपने न केवल दाऊदी बोहरा समाज पर कृपा की, बल्कि आपके आगमन का लाभ पूरे शहर को मिलेगा। हमारे शहर पर अपनी दुआओ का नूर सदा बरसता रहें, यही इल्तजा (विनती) हैं।



## दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरू डॉ. सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन का नगागमन आज मस्जिद का करेंगे लोकार्पण, रात्रि विश्राम ग्राम बगड़ावदा में, रविवार को करेंगे संबोधित

# धर्मगुरू की चार घरों में होगी जियाफत एवं समाज के सात घरों में होगा आप का आगमन



आष्टा। नवनिर्मित मस्जिद का वह स्थान जहां धर्मगुरू डॉ. सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन ताउस से समाजजन भेंट करेंगे।

**जागरण, आष्टा।** राजकीय अतिथि के रूप में दाऊदी बोहरा समाज के 53 वें धर्मगुरू डॉ. सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन ताउस मुंबई से भोपाल पहुंचेगें और वहां से शनिवार 16 नवंबर को आष्टा आएगें। आप पहले बगड़ावदा स्थित जय भारत पेट्रोल पंप के संचालक सैफी बंधु एवं यूसूफ सैफी के फार्महॉउस पहुंचेगें, वहा आराम करने के पश्चात नगरागमन करेगें और नवनिर्मित मस्जिद का लोकार्पण करेगें। लोकार्पण के बाद समाजजनों से मिलेगें। इसके पश्चात आप पुराना बस स्टेंड, भवानी चौक सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, सिंकदर बाजार, पुराना दशहरा मैदान, रॉयल कॉलोनी स्थित समाजजनों के निवास पहुंचेगें। धर्मगुरू डॉ. सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन ताउस का चार घरों पर जियाफत की जाएगीं एवं सात लोगो के घर पर आप पहुंचेगें। इसी के साथ धर्मगुरू डॉ. सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन का रात्रि विश्राम बगड़ावदा स्थित फार्महाउस होगा। रविवार 17 नवंबर को कसाईपुरा स्थित बोहरा मस्जिद में आप समाजजनो को संबोधित करेगें। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन चार घरों में आप जियाफत करेगें, उनमें यूसूफ सैफी जय भारत पेट्रोल पंप, ताहीर सैफी, मुस्तुफा सैफी और शब्बीर सैफी शामिल हैं।



इधर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा नगर में राजकीय अतिथि के रूप में दाऊदी बोहरा समाज के 53 वें धर्मगुरु डॉ. सैय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन ताउस की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एसडीओपी आकाश अमलकर एवं टीआई रविंद्र यादव को प्रभारी बनाया हैं, दोनो अधिकारी धर्मगुरू के नगर भ्रमण एवं रात्रि विश्राम के दौरान व्यवस्था सुनिश्चित करेगें।

## सीएम राइज विद्यालय में बाल दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**जागरण, जावर।** सीएम राइज शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप प्राचार्य अजय मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रा संध्या ने की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व ज्ञान की देवी मां सरस्वती और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर विकास जायसवाल, सुजाता मालवीय, मुनेंद्रसिंह तोमर, गजेंद्रसिंह विश्वकर्मा, लोकेंद्रसिंह ठाकुर, अनिल शर्मा, दरियावसिंह मालवीय, कमलेश खत्री, सचिन विश्वकर्मा, दिनेश मालवीय, धर्मेंद्र खत्री, जितेंद्र दिगोदिया, विनोद जावरिया, सुनील पटवा, धर्मेंद्र खत्री, जयंत गुप्ता, हर्ष नामदेव, रोहित कुमार, पवन बागवान, अमरीन खान, मेघा शर्मा, सोनम बरेठा, सरिता मालवीय, जानकी धरावा, ज्योति मालवीय आदि मौजूद थे। संचालन लोकेंद्रसिंह ने किया।

# श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का संपन्न, श्रीजी की निकाली शोभायात्रा



**जागरण, आष्टा।** श्रीचंद्र प्रभ दिगंबर जैन मंदिर अलीपुर में चल रहे 1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में अर्ध्य चढ़ाकर संपन्न हुआ, वहीं विश्व शांति महायज्ञ हुआ। मुनिश्री विनंद सागर महाराज एवं ऐलक विनमित सागर महाराज के पावन सानिध्य एवं ब्रह्मचारी श्रीपाल भैय्या अमलाह की उपस्थिति में श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई। श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के लाभार्थी अमलाह वाले सागरमल, धर्मेन्द्र कुमार, जितेंद्रकुमार जैन गोर्य परिवार था।

मुनिश्री विनंद सागर महाराज ने कहा भगवान की भक्ति में कभी भी पीछे नहीं हटे, भगवान की भक्ति में डरें नहीं। जो ठान लोगे, वह काम होगा। धार्मिक अनुष्ठान पर्यूषण महापर्व, चातुर्मास में अवश्य करें। पहले देव, शास्त्र और गुरु का सम्मान फिर व्रतियों का सम्मान करते हैं। जन्म के रिश्ते ईश्वर के बनाए हुए हैं और संसार के रिश्ते आपके अपने द्वारा बनाए हुए हैं। विधानाचार्य ब्रह्मचारी श्रीपाल भैय्या अमलाह वाले ने आठ दिवसीय श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में मंत्रोच्चार के साथ साआंनद विधान संपन्न कराया। श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई। रथों पर उक्त विधान के लाभार्थी परिवार सागरमल धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र जैन परिवार सहित चल रहे थे। गुणानुवृद्धि पिच्छिका परिवर्तन 17 नवंबर को भक्तामर महोदधि उच्चारणाचार्य मुनिश्री 108 विनंद सागर जी मुनिराज एवं ऐलक श्री 105 विनमित सागर जी महाराज का गुणानुवृद्धि पिच्छिका परिवर्तन 17 नवंबर को दोपहर 1 बजे होने जा रहा है। श्री चंद्रप्रभ मंदिर समिति एवं मुनि सेवा समिति अलीपुर ने समाजजनों से भाग लेने की अपील की हैं। श्री चंद्र प्रभु व्यवस्था समिति से आशीष, सुरेश, इंदरमल, विमल, पंचायत समिति से अध्यक्ष आनंद पोरवाल महामंत्री कैलाश चित्रलोक, संदीप जैन चायघर, संतोष, मुनीम, डॉ. राजेंद्र वर्धमान, धीरज, पद्मावती पोरवाल महासभा से नरेंद्र उमंग, शैलेंद्र शिल्पा, संजय जैन चायघर, मगनमल एवं पुलक जन चेतना नरेंद्र गंगवाल, भूपेंद्र जैन आदि द्वारा पुण्यार्जक परिवार सगरमल, धर्मेंद्र, जितेंद्र, अक्षत, अर्चित परिवार, ब्रह्मचारी श्रीपाल भैय्या अमलाह का सम्मान किया।

## न्यूज कार्नर

### अपराधी ने चढ़ाया दूसरे पक्ष पर ट्रैक्टर

**जागरण कालापीपल।** थाना क्षेत्र के शेखपुर बोगी निवासी राधा बाई पति नारायण प्रसाद शर्मा ने 11 नवंबर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया गांव के चौकीदार द्वारा सूचना दी गई कि आपकी कृषि भूमि के पास वाली जमीन का सीमांकन होना है तो मेरे पति नारायण प्रसाद शर्मा व बेटा हरीश शर्मा व परिवार की नन्नी बाई, सुनील हम पांचों खेत पर गए, जहां पर राजस्व विभाग के पटवारी और राजस्व निरीक्षक मौके पर मौजूद थे। इस दौरान मौके पर योगराज नगीना, शैलराज नगीना व हरिमोहन नगीना इन तीनों ने हमें देखकर जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज की तभी हरिमोहन नगीना ने अपना ट्रैक्टर खेत में उतारते हुए हरीश शर्मा पर चढ़ा दिया जिससे हरीश को गंभीर चोट आई वही साइड में खड़ी नन्नी बाई व सुनील को भी चोट आई हैं। हरीश व नानी बाई को गंभीर चोट आने से इलाज के लिए भोपाल ले जाया गया, जहां निजी अस्पताल में उपचार जारी है। बता दे सीमांकन शुरू होने पहले ही शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम व मौके पर मौजूद पुलिस ने बीच बचाव किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हैं। वही फरियादी महिला की शिकायत पर पुलिस ने योगराज, शेलराज, हरिमोहन के खिलाफ धारा 115,2,296,351,3,3,5 के तहत मामला दर्ज किया है। वही दूसरे पक्ष की ओर से फरियादी योगराज ने सीताराम, मांगीलाल, हरीश व जितेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### अबसार अहमद खान प्रदेश सचिव नियुक्त

**जागरण शाजापुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा ने मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति एवं प्रदेश के समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी जेपी धनोपिया के अनुमोदन से कर्मचारी संघ के नेता एवं समाजसेवी अबसार अहमद खान को मप्र कौमी एकता कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है। खान की नियुक्ति पर प्रदेश के पूर्व मंत्री हुकुमसिंह कराड़ा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रामवीरसिंह सिकरवार, नरेश कप्तान आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बच्चों के द्वारा चद्दर से कांटे हटाने की बात पर भिड़ीं महिलाएं, हिंदू संगठन ने किया हाईवे जाम





**जागरण शाजापुर।** शहर के भोईवाड़ा क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम महिलाओं के बीच चद्दर से कांटे हटाने की बात पर हुए विवाद के बाद हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने ट्राफिक पाईंट पहुंचकर हाईवे पर जाम लगा दिया। हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं का आरोप था कि मुस्लिम परिवार के द्वारा हिंदू परिवार के लोगों को परेशान किया जा रहा है, जिसकी पुलिस को शिकायत भी की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार शाम को भी विवाद हुआ इस दौरान संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे तो मुस्लिम महिलाओं ने पथराव कर मारपीट की। महिलाओं पर कार्रवाई की मांग को लेकर हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता हाईवे पर जाम करके बैठ गए। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी टीएस बघेल, तहसीलदार मधु सक्सेना और विधायक अरुण भीमावद मौके पर पहुंचे तथा हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि आरोपी महिलाओं को पकड़ लिया गया है और उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जो पुलिसकर्मी दोषी हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे। इसके बाद मामला शांत हुआ।

### बच्चों के द्वारा कांटे हटाने पर हुआ था विवाद

भोईवाड़ा क्षेत्र में रहने वाली पूजा केवट ने थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर की चद्दर पर रखे कांटे पड़ोस में रहने वाली जेबा और शबाना के बच्चों ने हटा दिए थे। इस बात की उसके पिता छोटेलाल केवट शिकायत करने जब जेबा और शबाना के घर पहुंचे तो उन्होने गाली-गलौच करना शुरू कर दी, जिस पर छोटेलाल घर आ गया। पूजा ने शिकायत में बताया कि घटना के बाद वह और उसकी मां उषाबाई चद्दर पर गए तो आरोपी महिलाओं ने पत्थर मारना शुरू कर दिए। पूजा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शर्मिला बी, शबाना बी, जेबा बी, सिमरन और रवि के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

### नारेबाजी कर बंद कराया बाजार

भोईवाड़ा क्षेत्र में चद्दर से कांटे हटाए जाने पर हिंदू और मुस्लिम महिलाओं के बीच हुए विवाद की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद उन्होने मारपीट का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करना शुरू कर दी और नई सड़क क्षेत्र की दुकानों को बंद करा दिया। नारेबाजी कार्यकर्ता हुए हिंदू संगठन के कार्यकर्ता ट्राफिक पाईंट पहुंचे और चक्का जाम कर दिया। हालांकि विधायक भीमावद तथा अधिकारियों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। विधायक ने कहा कि वे मामले में तीन दिनों में दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई करेंगे। वहीं चार आरोपी महिलाएं और एक पुरूष को रात में ही पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया, जिनका शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया।

# प्रकाश पर्व पर हुआ गुरू ग्रंथ का पाठ, मंदिरों में हुई दीप सज्जा



**जागरण शाजापुर।** गुरू नानक जयंती शहर में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान समाज की महिला और पुरूषों ने गुरू ग्रंथ का पाठ करने के साथ ही शहर में एक चल समारोह भी निकाला। स्थानीय वजीरपुरा स्थित गुरूद्वारे में शुक्रवार को गुरू नानक जयंती पर गुरू ग्रंथ के पाठ का समापन हुआ। इस दौरान समाज की महिलाओं ने भजन-कीर्तन किए और नानक साहेब के भजनों पर झूम उठीं। साथ ही गुरूद्वारे में विशेष साज-सज्जा की गई। वहीं शाम लगभग 7 बजे गुरूद्वारे से समाजजनों द्वारा चल समारोह भी निकाला गया जो शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः गुरूद्वारे पहुंचकर संपन्न हुआ और रात्रि 12 बजे गुरू नानक साहेब का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समाज की महिला एवं पुरूष उपस्थित थे।

### पूर्णिमा पर दीपों से सजाया मंदिर

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर शहर में शाम के समय धार्मिक स्थलों को दीपों से सजाया गया। शहर के मंदिरों पर आकर्षक रंगोली सजाई गई और दीप रोशन किए गए। वहीं महिलाओं ने महूपुरा चीलर नदी घाट पर पहुंचकर दीपदान किया। महिलाओं ने बताया कि बड़ी पूर्णिमा के मौके पर नदी में दीपों के दान करने की परंपरा है, जिसके चलते इस वर्ष भी दीपों का दान किया गया। इस मौके पर मंदिरों में भजन-कीर्तन का दौर भी चलता रहा।

# कार्तिक पूर्णिमा पर त्रिवेणी संगम पर लगा मेला





**जागरण नलखेड़ा।** नगर से 15 किलोमीटर दूर आगर मालवा एवं राजगढ़ जिला के सीमा पर स्थित कालीसिंध लखुंदर एवं भाटन नदी के त्रिवेणी संगम स्थल ग्राम ताखला में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर एक दिवसीय मेले आयोजित किया गया मेले में हजारों लोगों ने उपस्थित होकर कालीसिंध, लखुंदर और भाटन नदी के त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाकर दीपदान एवं पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ लिया। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम ताखला मे त्रिवेणी नदी के संगम स्थल पर आयोजित मेले को देखने के लिए जीरापुरए मोडी, सुसनेर, नलखेडा से भी आए हजारों श्रद्धालुओ ने दर्शन कर व मेले का आनंद लिया व कालीसिंध एवं लखुन्दर नदी में स्नान कर त्रिवेणी संगम स्थल के दोनों किनारो पर स्थित भगवान देवनारायण एवं तारकेश्वर महादेव के दर्शन पूजन कर धर्म का लाभ लिया। मेला में समस्त आयु वर्गो तथा, बच्चे, नोजवान, बुजुर्ग, महिलाए, किसान सभी के उपयोगी सामानों की दुकाने सजी थी। मेले का हर क्षेत्र आकर्षण का केंद्र था एक तरफ बच्चो के मनोरंजन हेतु मेले में विभिन्न प्रकार के झुले बच्चो को लुभा रहे थेद्य वही मेले में आए लोगों द्वारा गुलाबी ठंड के बिच झूलो के साथ जलेबी, गराडू का लुत्फ उठाया गया।

### मंदिरों में लगा श्रद्धालुओं का ताता

कार्तिक पूर्णिमा पर त्रिवेणी संगम स्थित देवनारायण मंदिर व तारकेश्वर महादेव मंदिर मे दिनभर भक्तो का सैलाब उमड़ता रहा। कई वर्षों से लग रहा है संगम स्थल पर एक दिवासीय मेला । लखुंदर, कालीसिंध एवं भाटन नदी के त्रिवेणी संगम स्थल ग्राम ताखला जहां राजगढ़ एवं आगर मालवा जिले की सीमा लगती है उक्त स्थल पर कई वर्षों से एक दिवसीय मेला लगता है जहां आगर मालवा, राजगढ़ जिले के लोग आकर संगम स्थल के दोनों किनारो पर स्थित भगवान देवनारायण एवं तारकेश्वर महादेव के दर्शन कर मेले लुफ्त उठाते हैं।

# आपातकालीन सेवा 108 पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**जागरण शाजापुर।** स्थानीय बस स्टैंड पर 108 आपातकालीन सेवा सुविधाओं के जनजागरूकता कार्यक्रिम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को 108 सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में 108 एम्बुलेंस हेल्प डेस्क प्रभारी ईएमटी जितेन्द्र देवतवाल ने बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में 108 पर कॉल करने से तुरंत सहायता उपलब्ध होगी। उन्होने कहा कि दुर्घटनाओं में प्राथमिक सहायता के ज्ञान से किसी की जान बचाई जा सकती है। देवतवाल ने मौजूद लोगों को बताया कि चोंट लगने, हृदय रोग, श्वसन समस्या, मधुमेह, मातृत्व जटिलताएं, मिर्गी, बेहोशी, जानवरों के काटने, जलने, डूबने जैसी परिस्थितियों में 108 की सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान एम्बुलेंस में मौजूद उपकरण वेंटिलेटर, सिरिंज पंप, वॉल्यूम इन्फ्यूशन पंप, मल्टीपारा मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, स्फिग्नोमोनोमीटर, सक्शन मशीन, ग्लूकोमीटर और सीपीआर प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर 108 पायलेट फूलसिंह गुर्जर, देवसिंग सोलंकी, रामदयाल गोस्वामी, मोहनलाल नागर, राधेश्याम राठौड़, सज्जनसिंह सहित आमजन मौजूद रहे।

### लाईव प्रसारण देखा

**शाजापुर।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज में आदिवासी गौरव दिवस पर आयोजित लाईव प्रसारण को महाविद्यालय के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने देखा। इस दौरान भगवान बिरसा मुण्डा और जनजातीय नायकों के योगदान को याद किया गया।

## न्यूज कार्नर

### सरकारी तालाब से पानी चुराने वाले 17 लोगों के विरुद्ध पंचनामा

**सोनकच्छ।** अनुविभाग के ग्राम ओड़ में बने सरकारी तालाब से कुछ लोगों द्वारा जल मोटरें डालकर नियम विरुद्ध पानी चोरी किया जा रहा है। जिसे लेकर बीते दिनों जागरुक ग्रामीणों द्वारा स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारियों को लिखित में शिकायत की गई थी। परिणाम स्वरूप शुक्रवार को ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव द्वारा कार्यवाही करते तालाब से नियम विरुद्ध पानी चोरी करने वाले 17 लोगों के विरुद्ध पंचनामा बनाकर अधिकारी को सौंपा गया है। कार्यवाही के दौरान कुछ शिकायतकर्ता भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब में वर्षा ऋतु का पानी भरा है, जो ग्रामीण व पशुओं के पीने के काम आता है। कुछ लोगों द्वारा नियम विरुद्ध तालाब में जल मोटरें डालकर पाईप लाईन के माध्यम से पानी चोरी कर खेतों में सिंचाई की जा रही है। अगर इसी तरह पानी चोरी होता रहा तो आने वाले समय में पीने के पानी की समस्या खड़ी हो जाएगी। अब देखना यह है कि पंचनामा बनने के बाद नियम विरुद्ध पानी चुराने वाले 17 लोगों के विरुद्ध प्रशासन कोई ठोस कार्यवाही कर सकेगा या नहीं?।

### पुलिस ने मूकबधिर महिला को अपने परिजनों से मिलाया

**सतवास।** स्थानीय पुलिस ने लावारिस हालात में घूम रही एक



महिला को अपने परिजनों से मिलाकर उनके सुपुर्द किया। दरअसल सतवास पुलिस को एक मूकबधिर महिला लावारिश हालात में मिली थी। जिस पर पुलिस ने महिला से उसके पति वा परिजनों की जानकारी लेनी चाही, लेकिन महिला के मूकबधिर होने से वह कुछ बता नहीं पा रही थी। तभी उसके पास एक कपड़े का थैला देखा, जिसमें आदित्य इंटरप्राइजेस हरदा लिखा हुआ था और उसके साथ दो मोबाइल नंबर भी थे। संबंधित व्यक्ति विजय टाडा से संपर्क किया गया और महिला की फोटो उसे भेजी गई। तब उसने बताया कि उक्त महिला को उन्होंने देखा है। कुछ देर बाद विजय टाडा ने बताया कि उक्त महिला ग्राम लोटिया तहसील हंडिया में रहने वाले गुल्लू ठाकुर की पुत्रवधू है। इस पर परिजनों से संपर्क कर उन्हें सतवास थाने बुलाया गया। तब महिला की पहचान रानी बाई पति नर्मदा प्रसाद जाति कोरकू के रूप में सामने आई। बताया गया कि गुरुवार सुबह वह घर से निकली थी और वापस नहीं पहुंची थी। पुलिस ने रानी बाई को उनकी बहन भूरी बाई और देवर नितेश की सुपुर्दगी में कर दिया। इस कार्य में थाने के प्रधान आरक्षक गंगाराम नरगावे, भानू गौर और अनिल की सराहनीय भूमिका रही।

### बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**सतवास।** बाल दिवस पर न्यू आर्यन स्कूल में बाल मेला आयोजित किया गया। जहां बच्चों ने तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए। मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेश मालवीय, मंडल अध्यक्ष सोहन पटेल, ओमप्रकाश उपाध्याय, प्राचार्य सीमा यादव उपस्थित थे। अतिथियों ने बच्चों के हुनर को सराहा। बाल मेले आयोजन के दौरान प्राचार्य ने कहा कि पढ़ाई के साथ बच्चों को अन्य गतिविधियों में भाग लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टॉल के माध्यम से बच्चों की आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा गया है। कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने 150 बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा विज्ञान के विद्यार्थियों ने विज्ञान के प्रोजेक्ट को तैयार किया और विद्यालय की हेड गर्ल और हेड बॉय ने स्टॉल में लगाए गए विभिन्न प्रकारों के व्यंजन के बारे में बताया।

### रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 7 दिसम्बर को

**जागरण, नर्मदापुरम।** मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा बताया गया कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन 7 दिसम्बर को प्रातः 09:30 से सायं 06:30 बजे तक डिवीजनल आईटीआई परिसर इटारसी रोड नर्मदापुरम में किया जा रहा है, कार्यक्रम का उद्घाटन सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा।



# कार्तिक पूर्णिमा पर महिलाओं ने किया दीपदान

## देवास में क्षिप्रा नदी व सोनकच्छ में कालीसिंध नदी पर लगा श्रद्धालुओं का जमावड़ा



**देवास/सोनकच्छ।** शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले भर के नदी, तालाबों में महिलाओं ने श्रद्धा के साथ दीपदान किया व सुख-समृद्धि की कामना की। जिला मुख्यालय पर स्थित मीठा तालाब सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर दीप दान किया। इसी तरह समीपस्थ क्षिप्रा नदी के तट पर भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जारी था। श्रद्धालुओं ने सुबह यहां स्नान, पूजन किया। वहीं शाम को महिलाओं ने पूरे उत्साह व श्रद्धाभाव के साथ दीप दान किया। इसी तरह सोनकच्छ में मां कालीसिंध नदी किनारे स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर घाट पर नगर की श्रद्धालु महिलाओं द्वारा दीपदान किया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर महिलाएं नदी के पिपलेश्वर घाट पर पूजन अर्चन पश्चात नदी में दीपकों को प्रवाहित करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत रखने व भगवान विष्णु की पूजा करने वाले भक्तों को बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है। इस दिन दीपदान का विशेष महत्व होता है। संध्या को कालीसिंध नदी किनारे दीपदान का दृश्य देखने लायक था।

# गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया





**देवास।** कार्तिक पूर्णिमा पर श्री गुरुनानक देवजी का 555 वां प्रकाश पर्व एबी रोड गुरुद्वारा साहिब में मनाया गया। शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई। दोपहर 12 बजे से 3 तक कीर्तन दीवान सजाए गए, जिसमें लुधियाना का जत्था भाई रमिनदर सिंह, पवनदीप सिंह, हजूरी जत्था अमर सिंह खालसा द्वारा कीर्तन गायन किया गया। इसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर हुआ। प्रकाश पर्व के अवसर पर विधायक श्रीमती गायत्रीराजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत, नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम सभापति रवि जैन, कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, रेखा वर्मा, सुभाष शर्मा, संघ के अजय गुप्ता, राहुल भौमिक, विमल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, धनेंद्र जी, उमेश पाराशर, योगेश रघुवंशी, संदीप चौबे, प्रेस क्लब अध्यक्ष ललित शर्मा, सचिव शेखर कौशल, पत्रकार सुनील पांडे, पार्षद संजय दायमा, गणेश पटेल, धर्मेंद्रसिंह बैस, अर्जुन चौधरी, भरत चौधरी, रामेश्वर जलोदिया, रितेश त्रिपाठी, प्रयास गौतम, राहुल पवार आदि उपस्थित थे। जिनका स्वागत समिति द्वारा किया गया। रात्रि में दीवान पुनः सजाया गया जो की रात्रि 9 बजे से लेकर 1.30 बजे तक लुधियाना पटियाला दिल्ली के कीर्तनकारियों द्वारा कीर्तन गायन किया गया। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी की गई व फूलों की वर्षा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख समाज सहित हिंदू, सिंधी समुदाय के धर्मावंलबियों ने शामिल होकर गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया। समाज अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह खनूजा, सचिव गुरुचरण सिंह सलूजा ने सभी को प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

# आदिवासी जल, जंगल और जमीन का रखवाला : विधायक

## राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर पुंजापुरा में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम



**देवास।** देवास जिले में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम पुंजापुरा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक मुरली भंवरा ने कहा कि आज हम भगवान बिरसा मुंडा 150वीं जन्म जयंती मना रहे हैं। देश की आजादी के लिए आदिवासियों ने कई लड़ाईयां लड़ी है। आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन का रखवाला है। भारत के इतिहास को मुगलकाल तक सीमित कर पढ़ाया गया। अब सही इतिहास पढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास अमिट हैं। समाज के नागरिक अपने कर्तव्यों को भली-भांति जानते हैं। कार्यक्रम में भंगूसिंह रावत ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़ी बातें बताई। किस प्रकार उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, इसकी जानकारी दी। उन्होंने जनजाति वर्ग के योद्धाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति के बारे में जानना आवश्यक है। कार्यक्रम में रामेश्वर गुजर, बालू निगवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में हितग्राहियों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का हितलाभ वितरण किया गया। साथ ही राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनजातीय, वन, विद्युत, शिक्षा, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी के लिए प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में बालक-बालिकाओं ने जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर संतश्री अमृत दास महाराज, भंगूसिंह रावत, नाहरसिंह मुजाल्दे, नाथूसिंह सेंधव, विनोद भार्गव, बालूसिंह निगवाल, मोहन सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिपं सीईओ हिमांशु प्रजापति, सीईओ जनपद बागली राजू मेड़ा सहित अन्य अधिकारी, विभिन्न समाजों के प्रमुख उपस्थित थे।



# सोनकच्छ में सिख समाज ने धूमधाम से मनाया प्रकाश पर्व

## सांस्कृतिक कार्यक्रम व अटूट लंगर आयोजित

**सोनकच्छ।** शुक्रवार को सिख समाज द्वारा धर्मगुरु गुरुनानक देवजी की 555 वीं जन्म जयंती प्रकाश पर्व के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस दिन समाजजनों ने अलसुबह से रात्रि 12 बजे तक गुरुद्वारे मे मत्था टेककर सुख शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। प्रातः भजन कीर्तन करते हुए निशान साहब की सेवा की गई। ज्ञानीजी गुरुमुख सिंह खालसा द्वारा शबद कीर्तन पाठ किया। समाजजनों द्वारा घर, प्रतिष्ठान व गुरुद्वारे पर विद्युत सज्जा की। गुरु सभा परिसर में अटूट लंगर आयोजित हुआ, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। संध्या को सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। तत्पश्चात भजन कीर्तन करते हुए रात 12 बजते ही हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी कर धर्मगुरुजी की जन्म जयंती मनाई एवं एक-दूसरे को बधाई दी। एक दिन पूर्व नगर में प्रभातफेरी निकाली, जिसमें समाज की महिलाएं, बच्चे व पुरुष कीर्तन करते हुए चल रहे थे। उक्त कार्यक्रमों में समाज अध्यक्ष जगजीतसिंह सलूजा, अमनजीतसिंह सलूजा, हरबंशसिंह खनूजा, मनजीतसिंह छाबड़ा, स्त्रीर्तसिंह खनूजा, परमजीतसिंह छाबड़ा, जगदीशसिंह छाबड़ा, बलवीर कौर सबरवाल, गगनजोत कौर सलूजा, सोनिया छाबड़ा, देवेन्द्र कौर छाबड़ा आदि समाज एवं नगर के गणमान्यजन उपस्थित थे।

# मानवंदना यात्रा पहुंची देवास, नगर में निकली शोभायात्रा




**देवास।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर अभाविप द्वारा आयोजित की जा रही मानवंदना यात्रा का शुक्रवार को देवास नगर में आगमन हुआ। इस दौरान नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ। यह शोभायात्रा सयाजी द्वार से शुरु होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए शासकीय के.पी कॉलेज पहुंचकर सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से अभाविप मालवा प्रांत मंत्री कु. राधिका सिंह सिकरवार उपस्थित थी। यात्रा का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई की जन्मभूमि चौंडी (महाराष्ट्र) से लाई गई पवित्र मिट्टी के कलश के पूजन से हुआ। उसके बाद मां अहिल्या घाट पर नर्मदा मैया का पूजन, राजगद्दी का पूजन, मातोश्री समाधि का पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। यह यात्रा लगभग 1300 किमी की दूरी तय करते हुए 21 नवम्बर को अहिल्यादेवी होलकर नगर गोरखपुर पहुंचकर संपन्न होगी।

## नेवरी फाटा खाटू श्याम धाम यज्ञ का पूर्णाहुति

**भौंरासा।** नेवरी फाटा स्थित खाटू श्याम मंदिर पर पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसका समापन देवउठनी ग्यारस पर हुआ। यहां बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। साथ ही मंदिर को फूलों से सजाया गया। पांच दिवसीय यज्ञ श्री श्री 1008 मनोहरदास त्यागी व यज्ञ आचार्य पं. विजेंद्र द्विवेदी, पं. विशाल द्विवेदी ने मंत्रोच्चार कर यज्ञ पूर्ण कराया। साथ ही प्रसाद वितरण किया।

## पुलिस ने मीठी कुंडी चौराहा पर लगाई चौपाल

**पीपलरावां।** पुलिस द्वारा गत दिवस रात्रि 8 बजे नगर के मीठी कुंडी क्षेत्र में मोहल्ला चौपाल लगाकर जन संवाद किया। टीआई कमलसिंह गहलोत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध रोकने में सरकार के प्रयासों के साथ परिवार व समाज में संस्कार होना भी जरूरी है। घर के बुजुर्गों व अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ समय बिताए, उनकी गतिविधियों पर ध्यान देने की बात कही। समाज में सामंजस्य से हर समस्या का हल निकाला जा सकता है। टीआई ने चौपाल में उपस्थित लोगों से पुलिस से कोई समस्या होने, आसपास की आपराधिक गतिविधि की जानकारी लेते हुए सुझाव मांगे। इस अवसर पर पूर्व नप अध्यक्ष प्रभुशंकर राठौर, सत्यनारायण नाहर, छगनलाल गुप्ता, प्रधान आरक्षक अरविंद पटेल, सतीश भगत, अनिल राठौर, विशाल राठौर आदि मौजूद थे।

## दुकान किराया बकाया होने पर की तालाबंदी

**देवास।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश पर शहर में स्थित निगम स्वामित्व की दुकानों पर किराये की राशि बकाया होने पर दुकानों पर तालाबंदी की कार्यवाही निरंतर रूप से की जा रही है। जिसके अंतर्गत बावड़िया में इंदौर दुग्ध संघ समिति दुकान संचालक राकेश आजाद पर 68 हजार रुपये, लक्ष्मण नगर कालोनी में सौरभ मिल्क पार्लर संचालक संदीप पिता कैलाश परमार 33 हजार रुपये दुकान किराये की राशि बकाया होने पर तालाबंदी की कार्यवाही निगम राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई। इसी प्रकार स्टेशन रोड मार्केट की निगम स्वामित्व की दुकान नम्बर 21 के संचालक भेरूसिह पिता गोरीलाल पर दुकान किराये की राशि 30 हजार की राशि तालाबंदी की कार्यवाही अन्तर्गत के दौरान जमा की गई।

## मां शारदा द्वारा सहारा कार्यक्रम आयोजित



**भौंरासा।** नगर में संस्था मां शारदा इंदौर द्वारा लगातार कई आयोजन किए जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर के औदुम्बर ब्राह्मण समाज धर्मशाला में 'सहारा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 51 बच्चे जिनके पिता नहीं है, उन्हें सहायता राशि प्रदान की गई। साथ ही संस्था रामाधार इंदौर द्वारा प्रतिदिन रामायण परायण करने वाले 21 धर्मानुभावो को रामचरित्र मानस भेंट की गई। इस अवसर पर संस्था संरक्षक प्रमोद कुमार द्विवेदी इंदौर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम आप सभी को रोजगार से भी जोड़ना चाहते है, ताकि आपको किसी पर आश्रित न रहना पड़े। कार्यक्रम में विशेष रूप से औदुम्बर समाज अध्यक्ष राजेश जोशी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव, कृष्ण चौधरी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेशचंद्र ईनाणी, पार्षद भादरसिंह भाटिया, पूर्व नप उपाध्यक्ष जीवनसिंह ठाकुर, रामकृष्ण चौधरी, बसंत चावड़ा, कैलाश ठाकुर, मदनसिंह यादव, वीरेंद्र कुमार चौधरी सहित संस्था के संतोष नामदेव, केदार यादव, जीवन यादव, दशरथसिंह ठाकुर, राजा यादव, आयुष नामदेव, देवेंद्र यादव, नकुल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## बाल दिवस : दुकानदार बने छात्र-छात्राएं, पालक-शिक्षक बने ग्राहक



**खातेगांव।** शिक्षण संस्था मेकलसूता एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी एवं व्यंजन मेले (फूड स्टॉल) का आयोजन बाल दिवस पर किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने नवीन वैज्ञानिक धारणा द्वारा जीवन को सफल, सुगम व समस्याओं के निवारण अपने विज्ञान मॉडलों द्वारा प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खातेगांव बीईओ कु. सिमरन सूर्यवंशी, विद्यालय अध्यक्ष बलराम दावठा, संतोष पटेल, डायरेक्टर सदासुख पटेल, पत्रकार प्रदीप साहू, प्रवीण गंगराड़े एवं प्राचार्य मनोज तिवारी ने किया। अतिथियों ने बच्चों के साइंस मॉडल को देखकर उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की और फूड स्टॉल में व्यंजनों की क्रय-विक्रय की योग्यता देखकर हर्ष व्यक्त किया। प्राचार्य मनोज तिवारी ने बताया कि विद्यालय समय-समय पर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों का आयोजन करता रहता है, जिसे बच्चे वर्तमान और भविष्य के लिए हमेशा एक कदम आगे रहे। बीईओ सिमरन सूर्यवंशी ने स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन और लक्ष्य के साथ शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए।


//जाहिर सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अफसार अहमद पिता महमूद अहमद निवासी ग्राम सींगार चोरी तह. आष्टा जिला सीहोर म.प्र. द्वारा पुर्व में मोहम्मद अख्तियार को क्रय की गई थी तथा मोहम्मद अख्तियार द्वारा रामसिंह ठाकुर एवं विनोद पाटीदार को स्थित कृषि भूमि सर्वे नं 388/2/1 रकबा 1.2140 हेक्टेयर, भूमि क्रय करने का इकरारनामा अनुसार किया है तथा इकरार पेटे प्रतिफल की आंशिक राशि भुगतान भी कर दिया है उक्त भूमि संबंधी किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि संबंधी किसी बैंक, निकाय या अन्य किसी व्यक्ति का कोई संव्यवहार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के मध्य लेखी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे अन्यथा नियत अवधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में संपादित करवाने को तत्पर रहेंगे उसके उपरांत कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतएव सूचित हो।

भवदीय
धर्मेन्द्र मनोरिया, एडव्होकेट
सोनकच्छ जिला देवास (म.प्र.)
मोबाईल फोन नं.– 9926608493

।। जाहिर सूचना ।।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने अविनाश कुमार पिता दिनेश प्रसाद रूंगटा निवासी– 302 गुलमोहर सी विंग आर्शीवाद विला, इन्दौर, यश पिता गोपाल सोमानी निवासी – 632 ए –उषा नगर, एक्सटेंशन इन्दौर, कुणाल पिता दिलीप बलवानी निवासी–25 ए पुष्प विहार एक्सटेंशन, महालक्ष्मी नगर रोड इन्दौर के मालकी, स्वामित्व एंव आधिपत्य की शामलाती कृषि भूमि ग्राम जामगोद तह. व जिला देवास म.प्र. प.ह.नं. पुराना 53 (नया 00140) में स्थित भूमि सर्वे नं. 179/2 कुल रकबा 0.7900 हेक्टर भूमि इन्दौर–भोपाल रोड पर स्थित है का सौदा कर विक्रेता ने हमारे पक्षकार से आंशिक राशि प्राप्त कर ली हैं यदि उक्त संपत्ति पर पारिवारिक वाद, विवाद, बटवारा, कब्जा, सीमांकन, रास्ता तथा डिकी, कुर्की संबंधित विवाद सक्षम न्यायालय में लंबित होने या शासकीय, अर्धशासकीय बैंक संस्था, व्यक्ति विशेष का बकाया होने तथा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में विक्रय पत्र, दान पत्र, अनुबंध पत्र आदि संव्यवहार होने की दशा में प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधी में मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति हमारे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद उक्त संपत्ति का ई–पंजीयन हमारे पक्षकार अथवा उनके प्रतिनिधी के पक्ष में निष्पादित करवा लिया जावेगा अवधी बाह्य किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी तथा उक्त संपत्ति पर प्रथम हक हमारे पक्षकार का माना जावेगा।

दिनांक 16/11/2024

भवदीय
श्रीधर जोशी, अधिवक्ता
योगेश जोशी, अधिवक्ता
म.गा. मार्ग, सोनकच्छ जिला देवास
म.प्र.मोबा.नं. 9300480423

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोरेलाल पिता बद्रीप्रसाद जी जाति गुर्जर निवासीगण बड़कन तहसील सतवास जिला देवास (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम बड़कन प.ह.नं. 34 (बड़कन) तहसील सतवास जिला देवास (म.प्र.) में सर्वे नं. 234, 235 कुल सर्वे नं. 02 रकबा 1.7300 हेक्टेयर भूमि राजस्व रेकार्ड में दर्ज होकर स्थित है। उक्त संपूर्ण भूमि को श्री गोरेलालजी के परिवारजनों की सहमति से मेरे पक्षकार ने उसके समस्त स्वत्वों सहित भारमुक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि का भुगतान उक्त विक्रेता को कर दिया है। उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सहकारी संस्था, विद्युत मंडल, साहूकार आदि का कोई ऋण, कर, भार, बोझ, हित, अधिकार हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सप्रमाण इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में मेरे कार्यालय में लिखित में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करा लिया जायेगा। बाद म्याद कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों एवं विक्रयशुदा भूमि पर बंधनकारी नहीं रहेगी।

दिनांक 15.11.2024

कैलाशचंद्र जायसवाल, एडव्होकेट
हाटपीपल्या जिला देवास मप्र
मो.नं. 98266-38557

जाहिर सूचना

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता पक्ष राजपूत समाज सेवा ट्रस्ट देवास मप्र के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम ब्राह्मणखेड़ा तहसील व जिला देवास पटवारी हल्का नं. 42 में स्थित है। जिसका सर्वे नं. 58/1/1 रकबा 0.4407 हेक्टेयर (कुल 47440.71 वर्गफीट) को क्रय करने सौदा करके आंशिक बयाना देकर मेरे पक्षकार ने अनुबंध किया है। यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर पारिवारिक वाद, विवाद, बंटवारा, कब्जा, रास्ते संबंधित विवाद, डिक्री, कुर्की, न्यायालय में लंबित हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक संस्था, व्यक्ति विशेष का बकाया हो तथा इस सम्पत्ति से संबंधित किसी अन्य व्यक्ति से विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया या अन्य कोई संव्यवहार हो तो प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति का ई-पंजीयन अपने या अपने प्रतिनिधि के पक्ष में निष्पादित करवा लेवेंगे, उसके बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी एवं उक्त सम्पत्ति पर प्रथम हक मेरे पक्षकार का माना जाएगा।

दिनांक : 15.11.2024

अनिलराजसिंह सिकरवार
नोटरी एडव्होकेट
17-जी, मैनाश्री कॉम्प्लेक्स, देवास (म.प्र.)
70003-51010